न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, खूँटी

2

अनुमति वाद संख्या :– 102 / 19–20

(छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा – 46)

बोदा तोपनो – विक्रेता

निलिमा तोपनो – क्रेता

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे मे टिप्पणी तारीख सहित
23.03.20	**आदेश** आवेदक बोदा तोपनो पिता स्व0 डुण्डा तोपनो ग्राम–डिगरी, थाना तोरपा, जिला खूँटी ने निलिमा तोपनो पिता रॉबट तोपनो ग्राम–डिगरी, थाना तोरपा, जिला खूँटी के साथ निम्नलिखित भूमि के विक्रय हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 के अन्तर्गत अनुमति हेतू आवेदन पत्र दिया है।	

ग्राम	थाना नं0	खाता नं0	खेसरा सं0	रकबा (एकड में)
डिगरी	52	39	893	0.07

आवेदक अपने विद्वान अधिवक्ता के साथ उपस्थित हुए आवासीय / जाति प्रमाणपत्र, खतियान एवं लगान की रसीद सं0 0806965 की छायाप्रति प्रस्तुत की गई। नोटिस का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। अंचल अधिकारी, तोरपा के पत्रांक 76 दिनांक 25.01.20 से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। जाँच प्रतिवेदन के अनुसार प्रश्नगत भूमि बिक्री खतियानी है। खतियानी रैयत का नाम बोदा मुण्डा वगैराह है। पंजी II के अनुसार बोदा मुण्डा के नाम भूमि का रकवा 23.64 एकड़ है। आवेदक के पास कुल रकबा 4.88 एकड़ भूमि है। मालगुजारी का भुगतान वित्तीय वर्ष 2014–15 तक किया गया है। भूमि का न्युनतम प्रस्तावित दर 5647.00(पांच हजार छ सौ सैतालीस) रू0 प्रति डीसमिल है। इस भूमि के विक्रय में आवेदक के हिस्सेदारों की कोई आपत्ति नहीं है। भूमि विक्रय के बाद आवेदक के पास भूमि अवशेष रकवा 4.81 एकड रह जाती है। इस प्रकार आवेदक भूमिहीन नही होते हैं।

आवेदक के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि क्रेता एवं विक्रेता एक ही थाना तोरपा के निवासी हैं एंव एक ही समुदाय (अनुसूचित जनजाति समुदाय) के सदस्य हैं। आवेदक अपने हिस्से की भूमि जो इनके दखल कब्जे की है। जिसे मकान बनाने हेतु बिक्री करना चाहते हैं। प्रश्नगत भूमि गैर मजरूआ आम, खास, मन्दिर, मस्जिद, भूईहरी, पहनाई, कैसरेहिन्द, भूहदबन्दी एवं खुटकटी के दायरे में नहीं है। अंचल अधिकारी, तोरपा ने क्रेता–विक्रेता को भूमि क्रय–विक्रय करने हेतु अनुशंसा किये हैं।

क्रेता द्वारा समर्पित शपथ पत्र सं0 14 दिनांक 05.02.2020 के अनुसार निलिमा तोपनो वर्त्तमान में अविवाहित है।

आवेदक के विद्वान अधिवक्ता के बहस को सुनने प्रस्तुत कागजात एवं अंचल अधिकारी, तोरपा से प्राप्त प्रतिवेदन के अवलोकन एवं किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने के कारण बोदा तोपनो पिता स्व0 डुण्डा तोपनो को निलिमा तोपनो पिता रॉबट तोपनो के साथ ग्राम डिगरी के खाता सं0 39 खेसरा संख्या 893 कुल रकबा 0.07 एकड भूमि न्यूनतम प्रस्तावित दर 5647.00(पांच हजार छ सौ सैतालीस) रू0 प्रति डिसमिल या जिला अवर निबंधक, खूँटी के द्वारा निर्धारित दर पर अंचल अधिकारी, तोरपा के अनुशंसा के आधार पर भूमि विक्रय की अनुमति दी जाती है। अभिलेख अभिलेखागार, खूँटी में जमा करें।

लेखापित एवं संशोधित

23/3/20

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
खूँटी।

23/3/20

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
खूँटी।